# पिता की पुण्यतिथि पर पुत्र ने रक्तदान किया

**चूरू** (निसं)। राजकीय डीबी अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर राहुल शर्मा ने अपने पिता शिक्षाविद् राधेश्याम चौमाल की चतुर्थ पुण्यतिथि पर सोमवार को डीबी अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया और अपने पिता की स्मृति में ब्लड सेंटर में फिल्टर जल के लिये ग्यारह हजार रुपए का आर्थिक सहयोग किया।

इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. महेश मोहन पुकार, अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. राशि पचौरी, डॉ. रवि पंवार, उपाधीक्षक डॉ. इदरीस खान, नर्सिंग अधीक्षक रमेश कुमारी, ब्लड बैंक इंचार्ज सुभाष राजपुरोहित व समस्त ब्लड बैंक स्टॉफ व अधीक्षक कार्यालय स्टाफ उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पुकार ने इस पुनीत कार्य के लिये नर्सिंग ऑफिसर की सराहना करते हुए कहा कि पिता की स्मृति में रक्तदान करना बहुत ही नेक कार्य हैं। इससे दूसरे लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी मानव का जीवन बचाया जा सकता है।

इस अवसर पर अतिरिक्त कोषाधिकारी रामस्वरूप शर्मा, डॉ. श्याम सुंदर कौशिक, शिव कुमार शर्मा, कैलाश चंद्र शर्मा, डॉ. रविकांत शर्मा, अमर सिंह राठा, नर्सिंग ऑफिसर राहुल शर्मा की पत्नी कोमल शर्मा, हार्दिक शर्मा सहित परिजन व अन्य लोग उपस्थित थे। अस्पताल अधीक्षक हनुमान जयपाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# विशाल भंडारे का आयोजन

**झुंझुनूं**, (निसं)। बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव शंकर के मंदिर उदावास में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

देवनारायण मंदिर के महंत बचनाराम गुर्जर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष की विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर होंगे।

वहीं महंत बचनाराम गुर्जर ने बताया कि सुबह 4:15 शिव भोले के पूरे परिवार की हीरामल देव महाराज के 21 गुरुओं द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद सुबह पूरे गांव में सभी शिव परिवार का भ्रमण करवाया जाएगा। इस मौके पर हीरामन देव महाराज की काफी गुरु व भक्त शामिल होंगे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारी का आयोजन किया जाएगा।

# ओवरलोड डंपरों से परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

■ क्षतिग्रस्त सड़क पर आमजन का निकलना हो रहा है मुश्किल, हादसों की आशंका बनी

**खेतड़ी**, (निसं)। खेतड़ी उपखंड के संजयनगर पंचायत के ग्रामीणों ने सोमवार को ओवरलोड डंपरों से परेशान होकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने ओवरलोडिंग पर रोक लगाने की मांग की है। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि संजयनगर पंचायत की मुख्य सड़क से नया कुआं, रावताला, गुरजवाला, ढाणी केसरिया, ढाणी ढुढानिया होती हुई सड़क मावंडा जाने वाली सड़क में मिलती है। क्रेसर जोन से आने वाले डंपरों के चलते सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है तथा सड़क में गड्ढे बने हुए है।

सड़क से रोजाना सैकडों ओवरलोड डंपरों के गुजरने से सडक क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क के क्षतिग्रस्त होने से आए दिन उड़ने वाला धूल से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। ग्रामीण पिछले कई दिनों से प्रशासन से सडक को दुरस्त करने व ओवरलोड डंपरों के संचालन पर रोक लगानेकी मांग कर चुके है, लेकिन प्रशासन की ओर से ग्रामीणों की समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं होने से ग्रामीण काफी परेशानी उठा रहे हैं। ओवरलोड डंपरों का संचालन अधिक होने से सडक में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं तथा कई जगह तोसडककका नामोनिशान ही मिट चुका है। सडक से उडने वाली धूल मिट्टी से ग्रामीण सांस की बीमारी से पीड़ित है। इसके अलावा डंपर ओवरलोड चलने से आम रास्ते में पत्थर गिरते हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी हुई है। इस दौरान ग्रामीणों ने ओवरलोडिंग पर रोक लगाकर सड़क का निर्माण कार्य करवाने कि मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि जल्द प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ग्रामीणों की ओर से चक्का जाम किया जाएगा। इस मौके पर विक्रम सैनी, संजय सैनी, मनोज सैनी, कृष्ण कुमार, शीशराम, सोनू, आकाश, अशोक कुमार, मोहनलाल, रामधन, राजेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## सार-समाचार

### रामनिरंजन की देह पंचतत्व में विलीन

**झुंझुनूं**, (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झुंझुनूं के संस्थापक सदस्यों में से एक, इमरजेंसी में जेल जाने की बजाय जेल के बाहर की व्यवस्था संभालने वाले कर्मठ कार्यकर्ता रामनिरंजन तुलस्यान की पार्थिव देह सोमवार अपराह्न चार बजे श्री राणी सती जी मंदिर के पीछे स्थित मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन हो गई। उनकी चिता को मुखाग्नि उनके सुपुत्र हरीश एवं विनय तुलस्यान ने दी। पिछले 35 वर्षों से जिस मोक्ष धाम को वे दोनों टाइम अर्थात सुबह और शाम जाकर अपने हाथों से पेड़ पौधों की सार संभाल करके सफाई व्यवस्था देखते आ रहे थे उसी मोक्ष धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इससे पूर्व उनकी अंतिम यात्रा पुराने भर्ती दफ्तर के पास किसान कॉलोनी स्थित उनके निवास स्थान से मोक्षधाम के लिए शहर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी, सदस्य, परिवारजन एवं गणमान्य जन की उपस्थिति में निकाली गई। माहौल उस समय बेहद गमगीन हो गया जब उनकी अर्थी को बेटियों एवं पोतियो ने अर्थी को कांधा दिया। वे अपने पीछे सुशीला देवी धर्मपत्नी, अनुज भ्राता दीनबंधु, दो बेटे हरीश एवं विनय, दो बेटियां मनीषा रंजन गोयनका एवं प्रीति मनीष केडिया, दो सुपौत्र तन्मय एवं हर्षित, दो पोतियां कीर्ति एवं भक्ति, भतीजे शशिकांत एवं सुनील तुलस्यान सहित भरापूरा परिवार छोडकर गए हैं।

### अखंड ज्योति पाठ आज

**चूरू** (निसं)। स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव के तहत छह दिवसीय भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्री श्याम मित्र मंडल आयोजन समिति के कैलाश चंद्र नवहाल ने बताया की सोमवार को मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। पंडित हरि कृष्ण दाधीच के नेतृत्व में पंच कुंडीय महायज्ञ में 13 जोडो ने पूजा अर्चना कर यज्ञ में आहुति दी। नवहाल ने बताया कि 25 फरवरी मंगलवार को संगीत मय श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया जायेगा और रंग-बिरंगे फूलों से बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया जाएगा। पाठ का वाचन आशीष शर्मा आशु व मनीष खांडल करेंगे। पाठ में सजीव झांकियां व नृत्य नाटिका विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। नवहाल ने बताया कि बुधवार 26 फरवरी को मंदिर प्रांगण से दोपहर 1:15 बजे भव्य निशान व श्याम प्रभु की विशाल शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जो मुख्य बाजारों से होते हुये मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। शोभायात्रा में नृत्य नाटिका व नासिक ढोल फौजी बैंड का विशेष आकर्षण रहेगा।

### भिक्षावृति के खिलाफ कार्रवाई, भिक्षावृति से छह नाबालिग मुक्त करवाए

**सीकर** (निसं)। मानव तस्करी विरोधी इकाई ओर चाइल्ड हेल्पलाइन बाल अधिकारिता विभाग के द्वारा सोमवार को खाटूश्याम से 6 बच्चियों को भिक्षावृति से मुक्त करवाया गया। रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारी लाल बालान के समक्ष प्रस्तुत किया गया। एक बच्ची जिसे सखी वनस्टॉप सेंटर में प्रवेश दिया गया है तथा पांच बच्चों को परमार्थ सेवा संस्थान में अस्थाई प्रवेशित किया गया है, बच्चे अलग-अलग शहरों के बताए जा रहे हैं। रेस्क्यू किए गए बच्चों की उम्र 10 से 15 साल के बीच की है यह कार्रवाई भिक्षावृति उन्मूलन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। टीम में मौजूद मानव तस्करी विरोधी यूनिट की प्रभारी सीआई सुनीता बायल हेड कांस्टेबल रेखा, कमलेश कमलेश,प्रेमप्रकाश, चाईल्ड हेल्प लाइन से ममता सैनी, धर्मचंद, मनीष शामिल रहें।

### जिलाध्यक्ष जाखड़ यात्रा में शामिल हुए

**झुंझुनूं**, (निसं) एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड के नेतृत्व में नशा छोडो जीवन जोडो साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राहुल जाखड़ के नेतृत्व में जिला महासचिव सुशांक चौधरी समेत अन्य कार्यकर्ता भी शामिल हुए है। जाखड़ ने बताया कि यह यात्रा जैसलमेर से शुरू हुई है। जो तीसरे दिन बाड़मेर पहुंची। जयपुर में पहुंचकर यात्रा का समापन होगा। इस दौरान नुक्कड नाटक और जागरूकता यात्रा से युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान बताने के अलावा नशा छोडने और छुडवाने की अपील की जा रही है।

# सामुदायिक गतिशीलता विषय पर कार्यशाला

**झुंझुनूं**, (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आदेशानुसार अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा झुंझुनूं द्वारा विद्यालयों से समाज व समुदाय को जोडने के लिए विद्यालयों के एसएमसी एसडीएमसी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन स्काउट गाइड परिसर सभाभवन में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि डाइट प्रिंसिपल सुमित्रा झाझड़िया ने किया। विशिष्ट अतिथि नव पदोन्नत जिला शिक्षा अधिकारी कमलेश तेतरवाल, जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट उप प्रधानाचार्य सुशीला महला, सीओ गाइड सुभिता महला, पीओ मुकेश लांबा, रामचंद्र यादव, आरपी जयप्रकाश महला रहे। आमुखीकरण कार्यशाला में अतिथियों के अलावा राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त केआरपी अनुज लम्बोरिया व भानूप्रकाश ने कार्यशाला की उपयोगिता एवं उद्देश्य पर विस्तृत प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सुमित्रा झाझड़िया ने समुदाय को विद्यालयों के विकास के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

# चूरू महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर शहरवासी झूमे

**चूरू** (निसं)। जिला मुख्यालय पर चल रहे चूरू महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को सांस्कृतिक संध्या में चूरू से जुड़ाव रखने वाले 04 बार के ग्रैमी अवार्ड विजेता पदमश्री रिकी केज व जिक्र द बैंड के गानों ने चूरू वासियों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, पूर्व मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, छापर नगरपालिका अध्यक्ष श्रवण माली, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ ष्वेता कोचर, वासुदेव चावला, बसंत शर्मा, पूर्व सभापति विजय शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व नागरिकों ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड ने कहा कि चूरू की संस्कृति को सम्पूर्ण विष्व में अलग स्थान मिलता है। जिला प्रशासन द्वारा चूरू की संस्कृति को जीने, समझने और भावी पीढ़ी को संचालित करने की दिशा में चूरू महोत्सव का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि चूरू से जुडे कलाकार सम्पूर्ण विष्व में अपने हुनर का जलवा बिखेर रहे हैं। इस मौके पर अतिथियों ने प्रवासी चूरू वासियों का उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रवासी गौरवश्री अवार्ड से सम्मान किया। पदमश्री रिकी केज व जिक्र दे बैंड की टीम ने देश के विभिन्न हिस्सों से जुडे गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर उपस्थित सभी अतिथि व नागरिक झूम उठे। रिकी केज ने राष्ट्रगान, प्रकृति संरक्षण, किसान व जनजाति वर्ग से जुडे गानों से मंत्रमुग्ध कर दिया।

# होम्योपैथी शिविर कल

**चूरू** (निसं)। श्रद्धानाथ आश्रम लक्ष्मणगढ़ में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसियेशन चूरू व विशाल सिंह शेखावत निहाल कंवर मेमोरियल ट्रस्ट कुमास के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। संत श्रद्धानाथ महाराज के 40वें स्मृति महोत्सव पर पीठाधीश्वर पद्मश्री संत बैजनाथ महाराज के सानिध्य में होगा। आश्रम के प्रकाशनाथ महाराज ने बताया कि शिविर में अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अमर सिंह शेखावत के नेतृत्व में डॉ. बीएल गौड़, डॉ. राजपाल मायल, डॉ. कौशल, डॉ. डी दास, डॉ. हर्षवर्धन शेखावत व उनकी टीम अपनी सेवाएं देगी। शिविर प्रभारी डॉ. शेखावत ने बताया कि शिविर में पथरी, गठिया, चर्म रोग, पाइल्स, टॉंसिल, फीसर, फिस्चुला, नासूर, एलर्जी-नजला, एग्जीमा, खाज-खुजली आदि रोगों का उपचार किया जायेगा।

# प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**चूरू** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम थैलासर के शहीद जितेंद्र सिंह राठौड़ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार गुर्जर ने बताया कि इस दौरान विद्यालय में शैक्षिणक व गैर शैक्षिणक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुर्जर ने कहा कि सम्मान से प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है और वही प्रतिभा आगे जाकर समाज और परिवार में निखार लाती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होते रहते हैं, जिससे विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मंजू शर्मा, अनिता लांबा, अंजू सैनी, श्रीराम, सावित्री दनेवा, कविता शेखावत, मंजू चंदेल, शारदा बेनीवाल सहित बडी संख्या में स्टॉफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बालिका स्कूल का शिलान्यास

**चूरू** (निसं)। जिला मुख्यालय पर डाबला रोड स्थित जामिया इस्लाहुल बनात-मदनी बालिका स्कूल का षिलान्यास सोमवार को समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना अब्दुल जब्बार ने की। कारी मोहम्मद अरशद जयपुर ने तिलावत-ए-कुरआन से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना अबू तालिब रहमानी ने कहा कि शिक्षा से ही हम तरक्की कर सकते हैं। शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा है और बगैर शिक्षा हम सफलता को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसी अनमोल वस्तु है, जिसका कभी बंटवारा नहीं हो सकता। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व एडिशनल कमिश्नर शौकत अली खान, मुफ्ती शकील कासमी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान डॉ. एफ एच गौरी, समाजसेवी बाबू खान, मौलाना शमीम, मुफ्ती इरशाद कासमी, हाजी यूनुस खान, मोहसिन खान, मुबारक खान, एहसान खान, शबीर खान, समाजसेवी अलाउद्दीन खान, सिकंदर खान, आबिद खान, अजीम खान, हसन खान, मुफ्ती मोहम्मद शफीक, मौलाना मोहम्मद आरिफ, आवेश कुरैशी, कारी शबीर, संजय खान, शमशेर भालू खां, सत्तार खान, असलम खान, हुसैन खान, मुश्ताक खान मोयल, इस्माइल डायर सहित बडी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

**उर्जा विभाग**
**प्ररूप–7**
**(देखिए नियम 16 का उप–नियम (1))**
प्रारंभिक अधिसूचना
**जयपुर, जनवरी 28, 2025**

**संख्या प0 16(13) उर्जा/2024/03307**:– भूमि अवाप्ति अधिकारी को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन (132 के.वी. जी.एस.एस. आर. वी. पी. एन.) के लिए बीनासर ग्राम जिले में कुल 3.0604 हैक्टेयर भूमि अपेक्षित है

अतः उपरोक्त परियोजना के लिये जिला–चूरू, के ग्राम–बीनासर में 3.0604 हैक्टेयर भूमि अधिसूचित की जाती है। प्रस्तावित भूमि निम्न प्रकार है:–

| क्र. स. | सर्वेक्षण (खसरा) संख्या | संपूर्ण क्षेत्रफल (है.) | खसरा संख्या | भूमि का प्रकार | शीर्षक का प्रकार | हितबद्ध व्यक्तियों का नाम | सीमाओं का विवरण | | | | वृक्षों का विवरण | | संरचनाओं का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | किस्म | संख्या | |
| 1. | बीनासर | 3.0604 | 965/403 | बारानी | निजी | प्रेमादेवी पत्नी श्री रूकमानन्द निवासी छाजूसर तहसील चूरू | रास्ता | 639/403, 403 | रास्ता | 964/403 | खेजड़ी | 25 | शून्य |

यह अधिसूचना इससे सम्बन्धित सभी व्यक्तियों के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम संख्यांक 30) की धारा 11(1) के उपबन्धों के अधीन जारी की गई है।

भूमि से सम्बन्धित रेखांकन भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी चूरू, जिला चूरू के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान निरीक्षित किया जा सकता है।

सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित और विनिर्दिष्ट अधिकारी और उसके कर्मचारी वर्ग को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, भूमि का स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या बेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिए अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती है।

या अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति भूमि अवाप्ति अधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं होने देगा। अर्थात् क्रय/विक्रय, आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन के दिनांक से 60 (साठ) दिनों के भीतर किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में जिला कलक्टर के समक्ष आक्षेप, यदि कोई हो, प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

चूंकि धारा 40(2) के कार्यक्षेत्र के भीतर आने वाली परियोजना के लिए भूमि की तत्काल अपेक्षा है। राज्य सरकार के पत्र क्रमांक प0 16(13) ऊर्जा/2024/03307 जयपुर, दिनांकः– 24.12.2024 के के द्वारा सामाजिक समघात मूल्याँकन अध्ययन ना करने का विनिश्चय किया गया है

राज्यपाल की आज्ञा से,
गिरधर,
संयुक्त शासन सचिव।

रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6647/2025
राज.संवाद/सी/24/12211

---

**कार्यालय नगर परिषद, झुन्झुनू (राज.)**

कमांक :– एफ–6 भूमि ( ) /2024–25/13669 — दिनांक :– 20.02.2025

**सार्वजनिक आपति विज्ञप्ति**

निम्न आवेदकों के द्वारा उनके नाम के सामने अंकित कृषि भूमि नियमन/उप विभाजन, पुर्नगठन, नामान्तरण एवं 69–क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकारचाहने बाबत इस परिषद् में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये है। वांछित स्वीकृति/आदेष जारी करने से पूर्व इस संबंध में आपति प्रकाषन की तिथि से 7 दिवस में आपतियां मय सबूत आंमत्रित की जाती है। बाद मियाद आपतियां विचारणीय नहीं होगी।

| क. स. | नाम आवेदक/आवेदिका | वांछित स्वीकृति का विवरण | सम्पति का विवरण जिसके सम्बन्ध में स्वीकृति चाही जा रही है। | खसरा संख्या | ऑनलाइन पत्रावली क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विमल कुमार, प्रमोद कुमार टेलर, संजय वर्मा पुत्रगण रामकिशन | कृषि भूमि नियमन | वाटर वर्क्स कॉलोनी,भू.सं. 140, 141 का क्षेत्रफल 833.33 वर्गगज | 3008 | 204157 |
| 2 | सुरेन्द्र कुमार/पुष्कर दत्त | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड व हमीरी रोड के मध्य का क्षेत्र भाग–05, भू.सं. 23 का क्षेत्रफल 287.77 वर्गगज | 453 | 209674 |
| 3 | राजेश कुमार/किशन स्वरूप | कृषि भूमि नियमन | अग्रसेन सर्किल के आस पास का क्षेत्र भाग–03, भू.सं. 118 का क्षेत्रफल 128.08 वर्गगज | 2170 | 210114 |
| 4 | रामेश्वरी कालेर/रघुवीर सिंह | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड व हमीरी रोड के मध्य का क्षेत्र भाग–05, भू.सं. 124 का क्षेत्रफल 277.77 वर्गगज | 496 | 210951 |
| 5 | रामेश्वरी कालेर/रघुवीर सिंह | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड व हमीरी रोड के मध्य का क्षेत्र भाग–05, भू.सं. 123 का क्षेत्रफल 312.5 वर्गगज | 495 | 210952 |
| 6 | लिछी सलाउदीन चोपदार/सलाउदीन चोपदार | कृषि भूमि नियमन | शालिमार कॉलोनी, वारिसपुरा रोड भाग–02, भू.सं. 87 का क्षेत्रफल 421.98 वर्गगज | 65, 184/33 | 210261 |
| 7 | लिछी सलाउदीन चोपदार/सलाउदीन चोपदार | कृषि भूमि नियमन | शालिमार कॉलोनी, वारिसपुरा रोड भाग–02, भू.सं. 87 का भाग का क्षेत्रफल 482.3 वर्गगज | 65, 64, 227/55 | 210260 |
| 8 | नरेन्द्र आबुसरिया/रामचन्द्र आबुसरिया | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड व हमीरी रोड के मध्य का क्षेत्र भाग–05, भू.सं. 90 का क्षेत्रफल 290.00 वर्गगज | 495 | 211033 |
| 9 | लिछी सलाउदीन चोपदार/सलाउदीन चोपदार | कृषि भूमि नियमन | शालिमार कॉलोनी, वारिसपुरा रोड भाग–02, भू.सं. 87 का भाग का क्षेत्रफल 704.00 वर्गगज | 184/33 | 210262 |
| 10 | लिछी सलाउदीन चोपदार/सलाउदीन चोपदार | कृषि भूमि नियमन | शालिमार कॉलोनी, वारिसपुरा रोड भाग–02, भू.सं. 89 का क्षेत्रफल 277.27 वर्गगज | 32 | 210263 |
| 11 | द्रोराणाचार्य/भगवान सिंह | कृषि भूमि नियमन | भगत सिंह नगर, भू.सं. 70 बी का क्षेत्रफल 394.15 वर्गगज | 1597 | 210529 |
| 12 | सुरेन्द्र आबुसरिया/रामचन्द्र आबुसरिया | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड व हमीरी रोड के मध्य का क्षेत्र भाग–05, भू.सं. 89 का क्षेत्रफल 322.22 वर्गगज | 495 | 210900 |
| 13 | रजत/रणवीर सिंह | कृषि भूमि नियमन | नायकान कॉलोनी/ जीतनगर, भू.सं. 316 का भाग का क्षेत्रफल 233.33 वर्गगज | 1356 | 210745 |
| 14 | सुमन/राजकुमार | कृषि भूमि नियमन | मोती सिंह की ढाणी, महेश टाकिज के आस पास का क्षेत्र, भू.सं. 76 का क्षेत्रफल 427.08 वर्गगज | 2569 | 210182 |
| 15 | सुरेन्द्र आबुसरिया/रामचन्द्र आबुसरिया | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड व हमीरी रोड के मध्य का क्षेत्र भाग–05, भू.सं. 121 का क्षेत्रफल 333.33 वर्गगज | 495 | 210901 |
| 16 | सुरेन्द्र आबुसरिया/रामचन्द्र आबुसरिया | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड व हमीरी रोड के मध्य का क्षेत्र भाग–05, भू.सं. 122 का क्षेत्रफल 347.22 वर्गगज | 495 | 210902 |
| 17 | प्रेम देवी/जयवीर सिंह | कृषि भूमि नियमन | नायकान कॉलोनी/ जीतनगर, भू.स. 30 का क्षेत्रफल 142.5 वर्गगज | 1466 | 210166 |
| 18 | नूतन/हेमेन्द्र कुमार | कृषि भूमि नियमन | सैनिक नगर, गुढा रोड के पश्चिम का क्षेत्र भाग–02, भू.सं. 131 का क्षेत्रफल 198.00 वर्गगज | 3202 | 210962 |
| 19 | नूतन/हेमेन्द्र कुमार | कृषि भूमि नियमन | खाजपुर रोड व इण्डाली रोड के आस पास का क्षेत्र भाग–06, भू.सं. 211 का क्षेत्रफल 101.84 वर्गगज | 2498 | 210964 |
| 20 | संदीप तोमर/सत्यवीर सिंह तोमर | कृषि भूमि नियमन | मण्ड्रेला रोड व हमीरी रोड के मध्य का क्षेत्र भाग–05, भू.सं. 31 का क्षेत्रफल 938.54 वर्गगज | 454 | 211868 |
| 21 | मीना अग्रवाल/ज्ञानप्रकाश अग्रवाल | 69 क | वार्ड न.24,फौज का मोहल्ला,मोदीयो की जाव झुंझुनूं में आवासीय भूखण्ड संख्या 8 बी का क्षेत्रफल 150.50 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर–भू.सं. 8सी व 9 ए. दक्षिण– भू.सं. 18 ए. पूर्व– भू.सं. 13, पश्चिम– रास्ता 15 फिट | – | 198713 |
| 22 | लोकेश अग्रवाल/ज्ञानप्रकाश अग्रवाल | 69 क | वार्ड न.24,फौज का मोहल्ला,मोदीयो की जाव झुंझुनूं में आवासीय भूखण्ड संख्या 8सी, 9ए का क्षेत्रफल 150.20 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर–भू.सं. 9बी,10ए व 9सी,10बी, दक्षिण– भू.सं. 8बी, पूर्व– भू.सं. 12, पश्चिम– रास्ता 15 फिट | – | 198714 |
| 23 | लोकेश अग्रवाल/ज्ञानप्रकाश अग्रवाल | 69 क | वार्ड न.24,फौज का मोहल्ला,मोदीयो की जाव झुंझुनूं में आवासीय भूखण्ड संख्या 9बी व 10ए का क्षेत्रफल 154.50 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर–भू.सं. आम रास्ता 24 फिट, दक्षिण– भू.सं. 8सी, 9ए, पूर्व– भू.सं. 9सी,10बी, पश्चिम– रास्ता 15 फिट | – | 198716 |
| 24 | उमा अग्रवाल/लोकेश अग्रवाल | 69 क | वार्ड न.24,फौज का मोहल्ला,मोदीयो की जाव झुंझुनूं में आवासीय भूखण्ड संख्या 9 सी, 10बी का क्षेत्रफल 152.68 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर–भू.सं. आम रास्ता 24 फिट, दक्षिण– भू.सं. 8सी, 9ए, पूर्व– भू.सं. 11, पश्चिम– भू.सं. 9बी,10ए | – | 198717 |
| 25 | ज्ञानप्रकाश अग्रवाल/गोरखराम | 69 क | वार्ड न.24,फौज का मोहल्ला,मोदीयो की जाव झुंझुनूं में आवासीय भूखण्ड संख्या 8 ए का क्षेत्रफल 150.63 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर–भू.सं. 8बी, दक्षिण– भू.सं. 07, पूर्व– भू.सं. 13, पश्चिम– रास्ता 15 फिट | – | 198712 |
| 26 | बाबुलाल बंका/सीताराम बंका | 69 क | वार्ड न.45, दादाबाडी, झुंझुनूं में आवासीय भूखण्ड का क्षेत्रफल 284.97 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर–आम रास्ता व खुला चौक, दक्षिण– खादी भण्डार, पूर्व– विमल कुमार बंका का मकान, पश्चिम– सुलोचना देवी हवेली | – | 197690 |
| 27 | बलबीर सिंह/धर्मवीर सिंह | 69 क | खीदरसर, झुंझुनूं में आवासीय भू.सं. 06, 47 का क्षेत्रफल 300 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर–रास्ता 20 फिट, दक्षिण– रास्ता 20 फिट, पूर्व– अन्य भूखण्ड, पश्चिम– अन्य भूखण्ड | – | 197455 |
| 28 | विकास कुमार/मुंशीराम | 69 क | वार्ड न.20,बापु बस्ती, झुंझुनूं में आवासीय भूखण्ड का क्षेत्रफल 56.33 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर–रामगोपाल का मकान, दक्षिण– किशोरीलाल का मकान, पूर्व– रास्ता 10 फिट, पश्चिम– किशनलाल का मकान | – | 197461 |
| 29 | अब्दुल जब्बार सोलंकी/ हाजी ईदु सोलंकी | 69 क | वार्ड न.41,मोहल्ला मुगलान, झुंझुनूं में आवासीय भूखण्ड का क्षेत्रफल 390.15 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर–आम रास्ता, दक्षिण– गेस्ट हाउस, पूर्व– तसीम, सतार,शोकत,यासीन चेजारा पश्चिम– आम रास्ता | – | 209257 |
| 30 | मोहनी/सज्जन कुमार | 69 क | वार्ड न.12,सीतसर, झुंझुनूं में आवासीय भूखण्ड का क्षेत्रफल 54.86 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर–भागीरथ का मकान, दक्षिण– भादर का मकान, पूर्व– पप्पू का मकान, पश्चिम– आम रास्ता | – | 209185 |
| 31 | राहुल टेकडीवाल/रघुवीर प्रसाद | 69 क | वार्ड न.24, मोदीयो की जाव, झुंझुनूं में आवासीय भू.सं. 17 का क्षेत्रफल 180.56 वर्गगज एवं पडोसी सीमाबद्ध भूखण्ड उत्तर–भू.सं. 18, दक्षिण– भू.सं.16, पूर्व– भू.सं.25, पश्चिम– रास्ता 20 फिट | – | 189166 |
| 32 | मोहम्मद अयूब, मो. हासीम, मो.युनुय,याया खान,साजीद,आजम अली/मोहम्मद सफी | नामान्तरण | गन्नी कॉलोनी, भू.सं. 177 का क्षेत्रफल 346.67 वर्गगज | – | 116746 |
| 33 | रूकमणी देवी जांगीड, विक्रम कुमार, छगन कुमार,पवन कुमार/राधेश्याम जांगीड, विधा शर्मा/नन्दकिशोर, मीना जांगीड/सुभाष चन्द्र | नामान्तरण | भू आवंटन पत्र क्रमाक 284 दिनांक 10.02.2004 रोंड न.24 3 के बीच खसरा संख्या 719/3 का क्षेत्रफल 451.34 वर्गगज | – | 116922 |
| 34 | प्रमेश कुमारी/यादराम | नामान्तरण | किसान कॉलोनी, भू.सं. 492 का क्षेत्रफल 131.94 वर्गगज | – | 118707 |
| 35 | सरिता/रामेश्वर | नामान्तरण | नायकान कॉलोनी/जीतनगर, भू.सं. 65 का क्षेत्रफल 139.88 वर्गगज | – | 118760 |
| 36 | दीपक कस्वां/विजेन्द्र कस्वां | नामान्तरण | सैनिक नगर/जीतनगर, भू.सं. 370 का क्षेत्रफल 653 वर्गगज | – | 120486 |
| 37 | सुमन/राजेश रेवाड़ | नामान्तरण | सैनिक नगर/जीतनगर, भू.सं. 23 का क्षेत्रफल 394.64 वर्गगज | – | 120663 |

राज.संवाद/सी/24/12190 — आयुक्त


